Title: Request to check the increasing Anti-India activities of the Inter-Services Intelligence (ISI) of Pakistan.

श्री छत्रपाल सिंह (बुलन्दशहर) : अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान बड़े गंभीर विाय की ओर आकर्ति करना चाहता हूं । पूरे देश में आईएसआई की गतिविधियां बड़ी तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दिनों मेरे यहां भी मस्जिद में नमाज पढ़ाने वाले को वहां दिल्ली पुलिस ने जाकर पकड़ा और वह आईएसआई का एजेंट निकला। अब आईएसआई एजेंटों क पैर दिल्ली के दरवाजे तक खटखटाने लगे हैं क्योंकि अभी कल का मामला है कि नगर निगम के प्राथमिक विद्यालय में वंदे मातरम नहीं होने दिया गया और अगले दिन भी नहीं होने दिया गया। वहां की पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की और वहां तनाव की स्थिति है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि आईएसआई एजेंट्स को खोज-खोजकर बंद किया जाये और पाकिस्तान भेजा जाये। जो लोग आईएसआई के एजेंट पाये जाते हैं, उन्हें तथा उनके मेम्बर्स को एनएसए मे बंद किया जाये। दिल्ली में ही नगर निगम के एक स्कूल में वंदे मातरम को लगातार दो दिन तक न होने देना सही मायनों में इस देश में बड़े शर्म की बात है। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वह कठोर से कठोर कदम इस दिशा में उठाये।